तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.3 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 3 जून 2025

11 नर्सिंग छात्रों को भाषा प्रयोगशाला सॉफ्टवेयर से करवाया परिचित

12 राजयोगिनी आशा दीदी को योग महोत्सव में मुख्यमंत्री ने...

खबर संक्षेप

सांसद जिंदल आज जनता से होंगे रूबरू

कुरुक्षेत्र। सांसद के रूप में एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर सांसद नवीन जिन्दल आज पाल प्लाजा में जनता से रूबरू होंगे। इस दौरान कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को लेकर संसद अपने भविष्य केविजन को भी लोगों के समक्ष रखेंगे। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि 11:30 बजे पाल प्लाजा, पिपली रोड पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मारपीट कर चोट पहुंचाने वाला काबू

अंबाला। थाना शहजादपुर में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी परविंद्र उर्फ फुन्नी को गिरफ्तार किया है। परिवादी अरूण कुमार उर्फ अमित कुमार ने 9 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 मई 2025 को गांव सादिकपुर के पास आरोपी परविंद्र उर्फ फुन्नी व अन्य ने उसकी कार रोककर उसे तथा अन्य के साथ तलवार, पाइप से वार कर चोट पहुंचाने और कार को क्षतिग्रस्त करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हर्ष को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मई 2025 को आरोपी हर्ष ने उसके घर से सिलेंडर चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अक्षय उर्फ गोनी को गिरफ्तार किया है। राजकीय माध्यमिक विद्यालय अद्योया के राय सिंह ने ने 29 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय के रसोईघर से सिलेंडर चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

समाधान शिविर में छह शिकायतें आई

नारायणगढ़। यहां आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी समस्या के समाधान में अगर किसी कारणवश समय लगना है तो उस बारे में भी परिवादी को अवगत करवाया जाए। शिविर में 6 समस्याएं आई। ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया गया है।

22.5 ग्राम हेरोइन 2390 ड्रग मनी सहित दो दबोचे

करनाल। हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की करनाल यूनिट शिव कॉलोनी, करनाल से 22.5 ग्राम (हेरोइन) और 2390 की ड्रग मनी के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एनसीबी टीम को सूचना मिली कि शिव कॉलोनी में दो व्यक्ति मकान से अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी कर रहे हैं। टीम ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने सन्नी गुलाटी और उनके किरायेदार अनिल को गिरफ्तार किया। घर की तलाशी में बेड के गद्दे के नीचे से 22.5 ग्राम हेरोइन और 2390 नकद ड्रग मनी बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

शादी का झांसा दे महिला के साथ किया दुष्कर्म

यमुनानगर। साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने महिला को शादी करने से मना कर दिया। 29 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शीतल नामक युवक के साथ जान पहचान थी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

गुरुकुल में भारतीय आर्य भजनोपदेशक परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन

राष्ट्र को उन्नति के मार्ग पर ले जाने में युवाओं की अहम भूमिका: आचार्य देवव्रत

शिविर में 800 से अधिक युवतियां आयीं जिन्हें लाठी चलाने और संस्कारों का प्रशिक्षण दिया जाएगा

- आर्यसमाज देश में कुरीतियों को तोड़ने वाला संगठन

कुरुक्षेत्र। सोमवार को भारतीय आर्य भजनोपदेशक परिषद के में अधिवेशन युवाओं को संबोधित करते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

युवा किसी भी देश की रीढ़ होते हैं, समाज को नई दिशा देने और राष्ट्र को उन्नति के मार्ग पर ले जाने में युवाओं की अहम भूमिका होती है, इसलिए युवाओं को राष्ट्र का कर्णधार कहा जाता है। वहीं आर्यसमाज भी देश में कुरीतियों और कुत्सित परम्पराओं को तोड़ने वाला संगठन है, ऐसे में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को आर्यसमाज से जोड़कर समाज और राष्ट्र के निर्माण में आगे आना चाहिए। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित भारतीय आर्य भजनोपदेशक परिषद के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहे। उन्होंने कहा कि आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द का चिन्तन विशुद्ध वैज्ञानिक सोच पर आधारित है, उन्होंने समाज से जातपात, महिला उत्पीड़न, छुआछूत जैसी अनेक कुरीतियों के विरूद्ध लोगों को जागरूक किया और नारी शिक्षा, समान अधिकार की बात की। इस अवसर पर परिषद के प्रधान सहदेव सिंह बेधड़क, उप प्रधान नरेश दत्त, महामंत्री कैलाश कर्मठ सहित गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, राजेन्द्र विद्यालंकार सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे।

आर्यसमाज के भजनोपदेशकों के योगदान पर चर्चा

समाज से कुरीतियों के उन्मूलन और नई जागृति लाने में आर्यसमाज के भजनोपदेशकों के योगदान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग भजनोपदेशकों ने बहुत कम संसाधन और सुविधा होते हुए भी व्यापक स्तर पर वेदों का प्रचार किया। एक दौर ऐसा था कि भारत में लगभग हर परिवार से कोई न कोई सदस्य आर्यसमाज से जुड़ा हुआ था, यह प्रभाव हमारे प्रचारकों के कारण ही था क्योंकि स्वामी नित्यानन्द जी जैसे प्रचारक ऐसे थे जो एक बार किसी गांव में प्रचारार्थ चले गये तो पूरे गांव को आर्यसमाजी बनाकर ही आगे बढ़ते थे।

उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज के बदले हुए समाज में स्थिति भी बिल्कुल अलग है।

दयानन्द के दर्शन से रूबरू कराया जाएगा

देश में आर्यसमाज तो बहुत अधिक है मगर हमारी युवा पीढ़ी आर्यसमाज से नहीं जुड़ पा रही है और उनमें संस्कारों का भी अभाव है। ऐसे में हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि युवाओं को वैदिक संस्कृति और पुरातन भारतीय संस्कारों से परिचित कराएं। उन्होंने परिषद के सभी सदस्यों से वेद प्रचार में तेजी लाने के साथ-साथ देश में प्राकृतिक खेती का भी प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया। शिविर में विभिन्न जिलों और गांवों से 800 से अधिक युवतियां आयीं जिन्हें गुरुकुल में 5 दिनों तक योगासन, प्राणायाम, व्यायाम, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, स्तूप निर्माण, लाठी चलाना सहित वैदिक संस्कृति और संस्कारों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में पहुंची सभी युवतियों को दैनिक हवन, संध्या कराकर आर्यसमाज और ऋषि दयानन्द के दर्शन से रूबरू कराया जाएगा जिससे वे समाज में फैली पाखण्ड, अंधविश्वास और कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्ध लोगों में जागरूकता पैदा कर सकें।

स्वच्छता पखवाड़े के दौरान सफाई का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

प्रदेश में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था को जांचने के लिए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने आज वार्ड नं.13,14,16, 6 व तहसील परिसर का दौरा किया।इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर निगम की कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी व नायब तहसीलदार राजेश खुराना सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी साथ रहे। उन्होंने सफाई व्यवस्था, नालों और सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को शहर को पूरी तरह से साफ करने का निर्देश दिया। सुभाष चंद्र ने नालों की सफाई कर रहे ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए कि नालों से निकलने वाले कचरे को जल्दी उठाए अन्यथा उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को हांसी चौंक से गोगड़ीपुर पुल तक बनी सडक़ को ठीक करने व जगह जगह पड़े बिल्डिंग मेटीरियल वेस्ट को भी जल्द उठाने को कहा। सार्वजनिक कार्यों के बाद निर्माण सामग्री महीनों तक सडक़ों पर पड़ी रहती है जिससे जनता को असुविधा होती है। उन्होंने निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक महीने के भीतर सार्वजनिक शौचालयों को साफ करें।

सरकंडों में अचानक लगी आग, छह गाड़ियों ने चार घंटे में पाया काबू

- आग की भीषणता से अफरा तफरी, कारणों का खुलासा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

एक डंपिंग यार्ड में रविवार देर शाम लगी आग को मुश्किल से काबू किया गया। आग लगने की सूचना पर पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचे। अंबाला शहर के पंजोखरा गांव के नजदीक सरकंडों में यह आग लगी थी। आग ने देखते ही देखते बड़ा रूप अख्तियार कर लिया। जिससे पूरे जंगल इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कई घंटों के बाद दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। दमकल की कई गाड़ियां आग पर काबू पाने में लगी रही। पुलिस विभाग के अनुसार यह आग अंबाला शहर में पंजोखरा गांव के नजदीक डम्पिंग यार्ड में लगी थी। जंगल में सरकंडों में यह आग लगी। यही नहीं यहां पड़ी हुई गद्दो की बची हुई फोम भी आग की चपेट में आ गई। आग लगते ही आसमान में दूर-दूर तक धुआं फैल गया। जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आसपास के कई लोग भी आग लगी होने की सूचना पर मौके पर पहुंच गए। वहीं, सूचना पाते ही दमकल विभाग की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। मौके पर खड़े कुछ लोगों ने बताया कि सरकंडों में आग लगने के साथ ही यहां पड़ी वेस्ट फोम में भी आग लग गई। जिससे आग ज्यादा भड़क गई। देर रात 12 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। फायर ऑपरेटर साहिल ने बताया कि आग पर काबू पा लिया

अंबाला में बदमाशों ने हमला किया पति पत्नी बुरी तरह जख्मी

अंबाला। देर रात कुछ बदमाशों ने घर में घुसकर पति-पत्नी पर हमला कर दिया। घटना अंबाला कैंट के डेहा मंडी की है। हमले में पति-पत्नी दोनों घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों को इलाज के लिए अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में घायल सूरज ने बताया कि वह और उसकी पत्नी घर का गेट खोलकर बाहर निकले थे। इसी दौरान 20-25 लोग आए और सीधे उस पर हमला कर दिया। हमले में दोनों पति-पत्नी और उसकी छह माह की बच्ची घायल हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। आसपास लगे सीसीटीवी आदि देखे जा रहे हैं। इससे आरोपियों की पहचान हो सके। अंबाला कैंट एसएचओ अजैब सिंह ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी मामला रंजिश का लग रहा है।

रील बनाने के चक्कर में छात्र ने नहर में लगाई छलांग, मौत

- दसवीं का छात्र था 18 वर्षीय अकील

अंबाला। नहर में कूदते हुए की वीडियो बनवाने के चक्कर में दसवीं कक्षा के छात्र 18 वर्षीय अकील की जान चली गई। रील अकील के दोस्त बना रहे थे। जब अकील काफी देर तक पानी से बाहर नहीं आया तो दोस्त घबरा गए। उन्होंने तुरंत उसके परिजनों को सूचित किया। अकील अपने बड़े भाई व दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए आया था। इस दौरान उसने छलांग लगाते हुए की रील बनाने का फैसला किया। उसके दोस्त रील बना रहे थे। बताते हैं कि जब अकील ने नहर में छलांग लगाई तो वह गहरे पानी में डूब गया। काफी देर तक उसके दोस्त उसके बाहर आने का इंतजार करते रहे। जब अकील पानी से बाहर नहीं आया तो दोस्तों ने उसके परिजनों को सूचना भेजी। परिजन मौके पर आ गए। अकील की तलाश शुरू हुई। नन्यौला चौकी पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव नहर से निकलवाया। पुलिस ने इत्तेफाकन कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच अधिकारी तरसेम ने बताया कि अकील अपने दोस्तों व भाई के साथ एक जून की दोपहर में मलौर हैड पर एसवाईएल में नहाने के लिए आया था। सभी पहले पास के छोटे सुए में नहा रहे थे। इतने में अकील नहर में छलांग लगाते की वीडियो बनवाने के चक्कर में कूद गया था।

नशे के खिलाफ संदेश

श्रीकृष्ण आयुष विवि की साइक्लोथॉन यात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी, विद्यार्थी और आमजन भाग लेंगे

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा ह्यड्रग्स फ्री हरियाणाह्न अभियान के अंतर्गत 3 जून को शहर में साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी, विद्यार्थी और आमजन उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। यह आयोजन युवाओं को नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करने और सामाजिक चेतना को मजबूत करने का एक सार्थक प्रयास होगा। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान साइक्लोथॉन यात्रा को सुबह 7 बजे विश्वविद्यालय परिसर से हरी झंडी देकर रवाना करेंगे, जो सर्किट हाउस से होते हुए पुलिस अधीक्षक आवास के सामने पहुंचेगी। यहां से होते हुए कुरुक्षेत्र-पिपली मार्ग पर जाएगी।जिंदल चौक सेक्टर-3 तथा यहां जिंदल सिटी के सामने उमरी रोड से होते हुए वापस आयुष विश्वविद्यालय में संपन्न होगी।

संत कबीर ने मानवता को पाखंड के विरूद्ध जागरूक किया : डॉ. पंवार

- प्रकाट्य दिवस पर वार्षिकोत्सव संत समागम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सद्गुरू कबीर साहेब के 627वें प्रकट दिवस पर श्री सद्गुरू जनसेवा समिति के तत्वावधान में तहसील कैम्प स्थित कबीर आश्रम में वार्षिकोत्सव संत समागम समारोह महंत सुंदर दास की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह में उप अधीक्षक एनसीसी विभाग हरियाणा पालेराम पंवार, एएसआई हरियाणा पुलिस सुखबीर सिंह मुहाल बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर दीप प्रज्जवलित कर शुरूआत की गई।

पानीपत। सदगुरू कबीर साहेब के प्रकाट्य दिवस पर वार्षिकोत्सव संत समागम में अथितियों को सम्मानित करते हुए आयोजक। फोटो: हरिभूमि

वहीं महंतो, श्रद्धालुओं द्वारा सफेद रंग झंडे पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। समिति उपाध्यक्ष डॉ.ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि सद्गुरु कबीर ऐसे महापुरुष हुये जिन्होंने पूरे मानव जाति को रूढ़िवादी व्यवस्था व पाखंडवाद से बाहर निकलने की बात की। इस अवसर समिति प्रधान पदम सिंह, महेंद्र गाहल्याण, विकास कुमार, रमेश डागर, सदस्य रामकुमार व नवीन मुंडाल आदि मौजूद रहे।

युवक को दुबई भेजने के नाम पर हड़पे 2.70 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

चंदाखेड़ी निवासी शिवम दहिया को दुबई भेजने के नाम पर दो लाख 70 हजार रुपए हड़प लिए गए। गांव चंदाखेड़ी निवासी शिवम दहिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित दुबई गया हुआ है। उसके परिचित ने उसे बताया कि अगर वह दुबई आना चाहता है तो लक्ष्य शर्मा नामक व्यक्ति से बात कर ले। उसने उसे लक्ष्य शर्मा का मोबाइल नंबर दिया। जब उसने लक्ष्य शर्मा के पास फोन किया तो आरोपी ने उसे मिलने के लिए मोहाली बुलाया। वह अपने पिता हरविंदर सिंह के साथ मिलने के लिए मोहाली चला गया। आरोपी ने गत फरवरी महीने से 10 मई तक अलग-अलग करके उससे दो लाख 70 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपी ने उससे करीब डेढ़ लाख रुपये की मांग की मगर उसने आरोपी को यह पैसे देने से मना कर दिया। आरोपी ने उसकी ईमेल पर कंपनी की तरफ से भेजा गया वीजा कैंसल करवाने का मैसेज भेजा। उसने कंपनी से विजा कैंसिलेशन के बारे में पता किया तो पता चला कि कंपनी ने इस नाम से किसी को वीजा नहीं दिया है। उसने आरोपी से बात की मगर संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने पुलिस में शिकायत दी।

एकल प्रयोग प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों पर 5000 रूपये जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निगम क्षेत्र में सफाई अभियान व जागरूकता गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। इसे लेकर सोमवार को स्त्रोत पृथक्करण, कचरा संवेदनशील बिन्दू खत्म करना तथा एकल प्रयोग प्लास्टिक, अतिक्रमण व गंदगी फैलाने के चालान करने जैसी तीन गतिविधियां चलाई गई। निगमायुक्त ने बताया कि सबसे पहले निगम क्षेत्र के सभी 20 वार्डों में कूड़े-कचरे के स्त्रोत पृथक्करण को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत सभी जोन इंचार्ज, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी टीम तथा सफाई दरौगाओं ने घर-घर जाकर नागरिकों विशेषकर गृहणियों को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने और उसे नगर निगम के कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों में अलग-अलग ही डालने बारे जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि ऐसा करने से प्रदूषण व दुर्गंध दोनो से बचा जा सकेगा। कचरे को अलग-अलग करने से कचरे के दोबारा इस्तेमाल, रीसाइक्लिंग व रिकवरी की प्रक्रिया आसान हो जाती है। इससे गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे को रीसाइकिल करने और बायोडिग्रेडेबल कचरे को सीधे उपचारित करने में मदद मिलती है। कूड़ा अलग-अलग करने से उसका निपटान भी जल्दी होता है। उन्होंने बताया कि जोन नम्बर 1 व 4 में कचरा संवेदनशील बिंदु को चिन्हित कर उसे खत्म किया गया। इसके तहत जोन 1 के गांव बुढ़ा खेडा व जोन 4 के कर्ण कैनाल क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया और कचरा संवेदनशील बिंदु की साफ-सफाई की गई। स्थानीय निवासियों व दुकानदारों को दोबारा कचरा न गिराने बारे अपील की गई। उन्हें चेताया भी गया कि अगर वह दोबारा कचरा गिराएंगे, तो उनका चालान किया जाएगा।

हालात पकने को तैयार आम की फसल, आए दिन तेज हवाओं से नष्ट हुई

तेज हवाओं ने बिगाड़ी आम के बागों की सूरत, नाखुश दिखाई दे रहे बागवान

बागवानों को तेज हवाएं जारी रहने से फसल नष्ट होने का सता रहा डर

- दो हजार एकड़ से अधिक भूमि में आम के बाग हैं
- इस बार आम के बागों में अच्छी बहार आई थी मगर मौसम की मार ने कर दिया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पिछले कई दिन में कई बार तेज आंधी चलने से आम के बागों से आधे से ज्यादा फसल टूटकर नीचे गिरने से नष्ट हो गई है। जिससे बागवानों को भारी नुकसान हो गया है। बागवानों को चिंता है कि यदि इसी तरह तेज आंधी चलती रही तो उनकी आम की फसल पूरी तरह टूटकर नष्ट हो जाएगी।

बागवानी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में दो हजार एकड़ से अधिक भूमि में आम के बाग लहलहा रहे हैं। जिनमें दशहरी आम समेत विभिन्न किस्म के देसी आम, सिंदूरी आम व विभिन्न किस्म के कलमी आम के पेड़ हैं। इस बार आम के बागों में अच्छी बहार आई थी। जिसे लेकर बागवान खुश दिखाई दे रहे थे। इस दौरान बागवानों ने अच्छी पैदावार होने की आस में आम के पेड़ों पर कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करके जैसे-तैसे करके बौर (फूल) को बचा लिया था। बागवानों को उम्मीद थी कि इस बार आम की पैदावार अच्छी होगी। मगर पिछले कुछ दिन से आए दिन आंधी या तेज हवाएं चल रही हैं। जिससे आम की फसल को नुकसान हो रहा है।

यमुनानगर में बीती देर शाम चली तेज हवा में पेड़ों से नीचे टूटकर गिरी आम की फसल को उठाते बागवान।

पेड़ों से आम टूटकर खराब

बागवान मेहर चंद, राधेश्याम, सौरण सिंह व कुलबीर आदि का कहना है कि इस समय आम की फसल पकने को तैयार है। ऐसे में इस समय आम की फसल के लिए तेज हवाएं चलना काफी नुक्सानदायक है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से आए दिन किसी भी समय तेज हवा चलने लगती है। जिससे उनकी फसल नष्ट हो रही है। उन्होंने बताया कि गत शाम को भी जिले में शाम चार बजे के करीब अचानक तेज हवा चलने लगी। जिससे आम के पेड़ों से आम टूटकर नीचे गिरकर खराब हो गए। उनका कहना है कि अब तक उनके आम के पेड़ों से आधे से ज्यादा फसल टूटकर खराब हो गई। जिससे उन्हें काफी नुक्सान हो गया। यदि इसी तरह अगले कुछ दिन और तेज हवा चलती रही तो उनकी फसल पूरी तरह पेड़ों से टूटकर खराब हो जाएगी।

खबर संक्षेप

कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

यमुनानगर। साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव सरावा के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। कनीपला निवासी श्यामलाल ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 37 वर्षीय विनोद कुमार 31 मई को बाइक पर किसी काम से बाहर गया था। रात को नौ बजे जब वह बाइक से घर वापस लौट रहा था तो गांव सरावा के पास तेज गति से आ रही कार ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई विनोद कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। आरोपी कार चालक कुछ देर रुकने के बाद वहां से फरार हो गया। लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसके भाई को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसके भाई की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

विकास कार्यों को हर कोने तक पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकताः विधायक

विधायक व मेयर ने 24.75 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास और उद्घाटन

■ यमुनानगर में ट्रिपल इंजन सरकार का असर दिख रहा है। विकास कार्यों में नगर निगम प्रदेश में अग्रणी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। वार्ड नंबर आठ में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के वार्ड नंबर आठ में सोमवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने करीब 24.75 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने नागरिकों को शहर में विकास कार्यों में कमी नहीं रहने देने का आश्वासन दिया है।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि शहर के प्रत्येक कोने तक विकास की रोशनी पहुंचे यही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर के लोगों को हर सुविधा मिले इसके लिए वे लगातार निगम और प्रशासन के साथ समन्वय में कार्य कर रहे हैं। यमुनानगर में ट्रिपल इंजन सरकार का असर दिख रहा है। विकास कार्यों में नगर निगम प्रदेश में अग्रणी है। मौके पर स्थानीय निवासियों ने विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को बताया कि वर्षों से क्षेत्र में जलभराव व जर्जर गलियों की समस्या बनी हुई थी। पाइपलाइन और नई गली के निर्माण से अब उन्हें राहत मिलेगी। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं है, बल्कि हर वार्ड तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाना है। वार्ड नंबर आठ में यह कार्य जनता को जल निकासी की समस्या से राहत देगा और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करेगा। गलियों व सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों की राह आसान होगी। मेयर सुमन बहमनी ने संबंधित एजेंसियों व ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए कि वे इन विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल करें। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्षद विभोर पाहूजा ने बताया कि यह कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाएगा।

ये रहे मौजूद : मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़, इश्मीत सिंह, अदीप सिंह, अशोक नय्यर, साहिल बक्शी, आगमन बक्शी व कपिल दुआ आदि मौजूद रहें।

शुद्ध पेयजल हर इंसान की जरूरतः नायक

■ जलापूर्ति विभाग पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए चलाएगा अभियान

यमुनानगर। रादौर में जलापूर्ति विभाग रादौर के एसडीओ रवि नायक पेयजल बर्बादी रोकने के लिए अभियान चलाए जाने की जानकारी देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जलापूर्ति विभाग रादौर द्वारा क्षेत्र में पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए अभियान चलाएगा। अभियान के तहत लोगों को खुले में बह रहे पानी को रोकने के लिए टूंटियां लगाए जाने और बेवजह पेयजल की बर्बादी नहीं करने के लिए जागरुक करेगा। उक्त जानकारी जलापूर्ति विभाग रादौर के एसडीओ रवि नायक ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

एसडीओ रवि नायक ने कहा कि शुद्ध पेयजल आज हर इंसान की जरूरत है। गर्मियों में पानी की मांग ज्यादा बढ़ जाती है। विभाग की ओर से पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए कड़े कदम उठाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विभाग द्वारा गलियों व सड़कों पर निजी व सार्वजनिक रूप से खुली चल रही टोंटियों में बहते पानी को रोकने के टूंटीया लगाओ पानी बचाओ के लिए लोगों को जागरुक किया जाएगा।

काटे जाएंगे कनेक्शन

एसडीओ कहा कि पेयजल की बर्बादी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि पानी की बर्बादी नहीं रोकी गई तो आने वाले दिनों में क्षेत्र में भी पेयजल संकट गहरा सकता है। जिन घरों में पेयजल की ज्यादा बर्बादी हो रही है। उनके कनेक्शन काटे जाएंगे। इस जागरूकता अभियान के लिए शहर में मुनादी द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता पत्रक घर घर बांटे जाएंगे।

डॉ. निर्मल सिंह को किया अबंडेंस इफ्लुएंसर अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह अबंडेंस इंफ्लुएंसर अवार्ड से सम्मानित होने के बाद अवार्ड के साथ खुशी जताते हुए।

पर्सनैलिटी ट्रांसफॉर्मेशन रिट्रीट प्रोग्राम के अंतर्गत बेंगलुरू में आयोजित राष्ट्रस्तरीय समारोह में यमुनानगर के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह को समाजसेवा व स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अबंडेंस इंफ्लुएंसर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. निर्मल सिंह ने इस अवार्ड के मिलने पर समारोह के मुख्य आयोजक मशहूर मोटिवेशनल पब्लिक एवं टेडेक्स स्पीकर आलोक केसरी का आभार प्रक्ट किया है।

प्रसिद्ध समाजसेवी एवं निर्मल अस्पताल के अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि बेंगलुरू में दो दिवसीय पर्सनैलिटी ट्रांसफॉर्मेशन रिट्रीट प्रोग्राम के अंतर्गत राष्ट्रस्तरीय सम्मान समारोह का एक जून को समापन हुआ। समारोह में जिसमें देश भर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली प्रतिभाओं को आमंत्रित किया गया। इस समारोह के समापन पर उन्हें भी समाज सेवा व स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए चयनित किया गया। इस समारोह में उन्हें अबंडेंस इंफ्लुएंसर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी समाजसेवा, प्रेरणादायक कार्यों और स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. निर्मल सिंह ने समारोह के आयोजक एवं मशहूर मोटिवेशनल पब्लिक व टेडेक्स स्पीकर आलोक केसरी का आभार प्रक्ट किया है।

ग्रामीण हों या शहरी युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं : राणा

■ नेपाल सिंह राणा ने सिटी स्पोर्टस शोरूम का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

यमुनानगर। रादौर में सिटी स्पोर्ट्स शोरूम का शुभारंभ करते नेपाल राणा व अन्य।

नशा जैसी घृषिण बुराइयों में संलिप्त होने की बजाए युवा वर्ग खेलों में भाग लेकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने का काम करें। उक्त शब्द हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने रादौर में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सिटी स्पोर्टस शोरुम का उद्घाटन करते हुए कहे।

मुख्यातिथि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने कहा कि आज ग्रामीण हों या शहरी युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मगर कुछ युवावर्ग नशा की चपेट में हैं। जिन्हें नशा जैसी बुराइयों का त्यागकर खेलों में भाग लेकर अपना भविष्य उज्वल बनाना चाहिए। खिलाड़ियों के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरु की हैं। जिनका खिलाड़ियों को भाग लेना चाहिए। नेपाल सिंह राणा ने कहा कि रादौर में स्पोटर्स शोरुम खुलने से स्थानीय खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने मौके पर कार्यक्रम के आयोजक निहाल कांबोज समेत उनके तमाम साथियों को बधाई दी। मौके पर ग्रामीणों ने मुख्यातिथि नेपाल सिंह का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नरेश कांबोज जुब्बल, कोच अमित चौहान, डॉ. एससी सैनी, भारत माटिया, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, दीपक राणा पालेवाला, सचिन कांबोज, रोबिन कांबोज आदि मौजूद रहे।

आदर सम्मान के शब्दों का बातचीत में करें इस्तेमाल

यमुनानगर। राजकीय स्कूल चमरौड़ी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरौडी में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत सोमवार को भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रिंसीपल इंदिरा देवी ने किया।

विद्यालय की प्रिंसीपल इंदिरा देवी व अंग्रेजी प्रवक्ता पवन रोहिला ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के लिए स्कूल में प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत आज भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि हमें बातचीत के दौरान आदर सम्मान के शब्दों का इस्तेमामल करना चाहिए। मौके पर हिंदी प्रवक्ता दिनेश शर्मा ने बच्चों को हिंदी व्याकरण के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों को वर्णमाला की जानकारी दी दी।

उन्होंने बच्चों को शिष्टाचार के शब्द जैसे आपका स्वागत है, बैठिए ,आपका धन्यवाद, आपका अति प्रिय, आपका आज्ञाकारी इत्यादि शब्दों की जानकारी दी। ताकि बच्चे जीवन में इनका सही इस्तेमाल कर सकें। उन्हें हाव भाव भी समझाए गए कि कैसे इन शब्दों का प्रयोग करते हुए अपने हाव भाव दर्शाने हैं। इनकी अच्छी तरह से बच्चों को जानकारी दी गई। बच्चों का अंत में जलपान कराया गया।

सच्चा धर्म वह है जो जोड़ने का कार्य करता हैः वीरेंद्र तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। मोहयाल भवन में आयोजित संगोष्ठी का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ करते अतिथि।

गायत्री शक्ति पीठ के तत्वावधान में सोमवार को शहर के मोहयाल भवन में परिवार सद्भावना संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्यातिथि के रुप में शांतिकुंज हरिद्वार से आए वरिष्ठ प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी ने भाग लिया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में शांतिकुंज हरिद्वार के डॉ. जयराम मुठलानी, प्रदीप साहू व देवता प्रसाद मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योति प्रज्जवलित करके किया। मुख्यातिथि एवं वरिष्ठ प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि सच्चा धर्म वह है जो जोड़ने का कार्य करता है। हमारे ग्रंथ चाहे वे किसी भी धर्म के हों उन सभी ने करुणा, सेवा और सह अस्तित्व की ही शिक्षा दी है। वर्तमान समय में सद्भाव,सहिष्णुता और शांति को पुनः स्थापित करना हम सभी का दायित्व है। विशिष्ठ अतिथि डॉ. जयराम मुठलानी ने कहा कि धर्मों की विविधता हमारे समाज की सांस्कृतिक संपदा है न कि विभाजन का कारण। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संवाद और सामूहिक चेतना का विस्तार होता है। वहीं, प्रदीप साहू व देवता प्रसाद आदि समेत संगोष्ठी में मौजूद सभी ने सामूहिक रुप से समाज में फैल रही नफरत, भेदभाव और वैमनस्यता को दूर करने के लिए सक्रिय प्रयास करने और वसुधैव कुटुम्बकम्म की भावना को अपनाए जाने का संकल्प लिया। मौके पर यमुनानगर के मुख्य ट्रस्टी रविन्द्र राणा, रमेश राणा, राम छबीला, योगेन्द्र चैहान, ओमप्रकाश सैनी, अशोक कुमार, रणबीर सिंह कुशवाहा, राहुल, मुकेश कुमार, रामबीर ठाकुर, रेणूबाला, विद्यारानी, खुशबू, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

पेंशनर्स की मांगों को जल्द पूरा करे सरकारः बड़शामी

रादौर। हरियाणा पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी रादौर की मासिक बैठक का आयोजन कस्बा स्थित शहीद उधम सिंह धर्मशाला में किया गया। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के प्रधान ओमप्रकाश बड़शामी ने की। सोसायटी के प्रधान ओम प्रकाश बड़शामी ने बताया कि बैठक में देश की सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों का खात्मा करने पर सेना को बधाई दी गई। उन्होंने जनता से सरकार द्वारा समय समय पर मॉक ड्रिल में सहयोग करने की अपील की। बैठक में कर्मचारियों की अन्य मांगों पर विचार किया गया। जिन्हें लागू करने के लिए सरकार से मांग की गई। प्रधान ओम प्रकाश बड़शाम ने कहा कि पेंशनर्स की मांगे लंबित पड़ी हैं। जिन्हें सरकार को शीघ्र पूरा करना चाहिए। उन्होंने सरकार से पेंशनर्स को 65,70 व 75 वर्ष की आयु पर 5,10 व 15 प्रतिशत बेसिक लाभ दिए जाने,पारिवारिक पेंशन पाने वालों को एलटीसी का लाभ दिए जाने, कोर्ट निर्णय सभी पर लागू किए जाने व 18 महीने का डीएआर का एरियर दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई में पेंशनर्स की मांगे सरकार को जल्द पूरी करनी चाहिएं।

सैनी समाज रादौर ने सुनील सैनी को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

■ सैनी समाज रादौर के प्रतिनिधिमंडल का समाज के प्रधान संदीप सैनी ने किया नेतृत्व

यमुनानगर। सैनी समाज रादौर का प्रतिनिधिमंडल समाज के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार में नवनियुक्त राज्यमंत्री सुनील सैनी को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

उत्तराखंड सरकार में सैनी समाज के सुनील सैनी को राज्यमंत्री बनाए जाने पर उनका सोमवार को सैनी समाज रादौर के प्रतिनिधिमंडल ने शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित किया। इस दौरान सैनी समाज का प्रतिनिधिमंडल समाज के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में उनके कार्यालय में पहुंचा।

नवनियुक्त राज्यमंत्री सुनील सैनी ने सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का उन्हें सम्मान देने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों द्वारा इस तरह से सम्मान किए जाने पर बहुत हर्ष होता है। वहीं, ऐसे सम्मान से प्रेरित होकर समाज कल्याण के लिए बढ़ चढ़कर कार्य करने का हौसला मिलता है। प्रधान संदीप सैनी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व भाजपा हाईकमान का सुनील सैनी को राज्यमंत्री बनाए जाने पर हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने सुनील सैनी को राज्यमंत्री का दर्जा देकर सैनी समाज का मान सम्मान बढ़ाया है। जिससे सैनी समाज उनका हार्दिक आभार प्रकट करता है। उन्होंने बताया कि राज्यमंत्री सुनील सैनी एक मिलनसार व्यक्तित्व के मालिक है। वह सभी से मिलकर उनकी समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान देते है। उन्होंने राज्यमंत्री सुनील सैनी को रादौर आने का न्यौता दिया। जिस पर राज्यमंत्री सुनील सैनी ने उनको जल्द रादौर आने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर घनश्याम सैनी फतेहगढ़, विक्रम सिंह सैनी, जगन चौहान, पारस सैनी, सरपंच रिम्पी सैनी व विक्रांत सैनी आदि मौजूद रहे।

शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधानः गुप्ता

नगराधीश गुप्ता ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगराधीश पीयूष गुप्ता व अन्य अधिकारी।

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्या समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने अधिकारियों को समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुरए छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

शिविर में 17 शिकायतें आई

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में 17 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें बुड़िया निवासी मुस्तकीम, कैंप निवासी अनीता रानी, कैंप निवासी मंजीत, गुलाब नगर निवासी नरेंद्र कुमार, यमुनानगर निवासी निर्मल कुमार, यमुनानगर निवासी गौरव सैनी व यमुनानगर निवासी इकबाल मोहम्मद ने परिवार पहचान पत्र ठीक करने की समस्या रखी। वहीं, यमुनानगर निवासी जोगेंद्र लाल, खेड़ा फार्म निवासी बाल कृष्ण ने बुढ़ापा पेंशन लगवाने बारे समस्या रखी। मलिकपुर खादर निवासी लखमीर सिंह ने इंतकाल मुतनाजा करवाने बारे, मनोहर कॉलोनी निवासी रिंका ने राशन कार्ड ठीक करवाने बारे समस्या रखी। अशोक विहार निवासी संजीव कुमार, मॉडल टाउन निवासी संदीप जैन ने प्रोपर्टी आईडी में टैक्स ठीक करवाने की समस्या रखी। फतेहपुर निवासी नाथी ने इंतकाल ठीक करवाने की समस्या रखी। जबकि यमुनानगर निवासी सलोनी ने पानी की निकासी करवाने की समस्या रखी।

नंबरदार एसो. बरसात के मौसम में चलाएगी पौधारोपण अभियानः मैप

■ हरियाणा नंबरदार एसो. की रादौर तहसील परिसर में आयोजित हुई बैठक

यमुनानगर। रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए नंबरदार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन खंड रादौर के सदस्यों की कस्बा स्थित तहसील कार्यालय परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के तहसील प्रधान मैप सिंह ने की। बैठक में हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता शिवकुमार संधाला विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रहे।

एसोसिएशन के तहसील प्रधान मैप सिंह ने बताया कि बैठक में सभी नंबरदारों ने आपसी विचार विमर्श कर बरसात के सीजन के दौरान पौधारोपण अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आज धीरे धीरे जंगल व पेड़ काटे जाने से पर्यावरण को नुक्सान होने लगा है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन द्वारा बरिश के सीजन में रादौर खंड समेत पूरे जिले में अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा। इस दौरान नंबरदारों ने गत 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा पहलगाम बेगुनाह लोगों की हत्या किए जाने की कड़ी निंदा की। मौके पर मृतकों की आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उन्होंने बैठक में इस संकट की घड़ी में देश और सेना के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। प्रधान मैप सिंह ने कहा कि हमारी भारतीय तीनों सेनाओं ने सिंदूर आपरेशन के द्वारा जो बहादुरी दिखाई है। उसके लिए हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन सेनाओ को सलूट करती है। उन्होंने सभी से अपने आसपास के सभी गांव में भाईचारा व धार्मिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर जयप्रकाश कांजनू, ऋषिपाल, शेर सिंह, वेद प्रकाश, प्रगट सिंह, अमीलाल, नेम सिंह खुर्दबन, शिवपाल, बलराम, युसूफ, जगन्नाथ व रामरतन आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

इस्कॉन मंदिर में भव्य दीक्षा समारोह आयोजित

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र स्थित इस्कॉन मंदिर में भव्य दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से आए सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ परम पूज्य भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज के स्वागत के साथ हुआ। मंदिर प्रांगण में आयोजित कथा के दौरान महाराज जी ने भक्तों को जीवन की वास्तविकता और आध्यात्मिक मार्ग की महत्ता से अवगत कराया।

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में समर कैंप शुरु

कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए सप्त दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, प्रशासक विकास गाबा,उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा तथा को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी द्वारा माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर के हुआ।

संकल्प अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ समन्वयक डा. बलजीत सिंह सहारण ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत दो टीम बनाई गई है। उन्होंने कहा कि इन टीमों द्वारा गांव संधौला,मुर्तजापुर और भौर सैंयदा के किसानों को जागरूक किया तथा धान की सीधी बिजाई और मिट्टी की जांच जैसे मुख्य विषयों के बारे में विस्तार से बताया गया।

डीएलएसए आमजन को कर रहा जागरूक

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इसी कड़ी में पीएलवी विशाल ने गांव गढ़ी सिंगा में आमजन को संगठित और असंगठित मजदूरों के अधिकारों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, विधवाओं के लिए हालसा की योजनाएं, नालसा (मानसिक रुप से विकलांग और विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, आदि योजनाओं के प्रति जागरूक किया।

ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड को बांटा जाएगा 100 सेक्टरों में

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव पर बनेंगे कई नए कीर्तिमान : राजपाल

- 19 को होगी फाइनल रिहर्सल
- अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को ब्रह्मसरोवर व मेला क्षेत्र में होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव पर कई नए कीर्तिमान स्थापित किये जाएंगे। इस महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि और योग गुरु स्वामी रामदेव अध्यक्षता करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को योग महोत्सव बनाते हुए जन मानस को शामिल किया जाएगा। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड को 100 सेक्टरों में बांटकर एक लाख योग साधकों एक साथ योग करके एक रिकॉर्ड कायम करेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल सोमवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इससे पहले अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने पिपली पैराकिट में अधिकारियों की बैठक के बाद हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के साथ 21 जून के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए लम्बी चर्चा और विचार विमर्श किया। इस दौरान राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने योग दिवस को लेकर कुछ सुझाव भी दिए है। इसके उपरांत एसीएस सुधीर राजपाल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा.जयदीप आर्य ने ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कहा कि अच्छे योग करने वाले और योग का सेवाभाव समझकर कार्य करने वाले साधाकों कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इस योग महोत्सव में ब्रह्मसरोवर परिसर और मेला ग्राउंड चारों ओर योग करेंगे। इसके अलावा स्कूली विद्यार्थी भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि योग महोत्सव को एक जनमानस का कार्यक्रम बनाना है। पूरा जिला इसमें बढ़चढ़ कर भाग लें। अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने उपायुक्त नेहा सिंह को निर्देश दिए देते हुए कहा कि वो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों, स्कूल संस्थानाओं, पुलिस-पैरामिलिट्री, पंचायतों, एनजीओ और संस्थाओं के साथ अलग-अलग बैठक करके जिम्मेदारियां तय करें।

कुरुक्षेत्र। अअधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल।

स्वच्छता पर रखा जाएगा विशेष फोकस : उपायुक्त

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मेला क्षेत्र की साफ सफाई करने का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इस कार्य को केडीबी और डीएमसी कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मिलकर करेंगे ताकि समय रहते इस कार्य को पूरा किया जा सके। इसके अलावा ब्रह्मसरोवर और पूरे शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश नगर परिषद को दिए जा चुके है।

ऐतिहासिक होगा कुरुक्षेत्र का योग दिवस : सुधा

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर आइकॉनिक स्थल से योग अपनाने का संदेश पूरे विश्व तक पहुंचे, इसलिए मुख्यमंत्री के प्रयासों से ही ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सरकारी और निजी स्कूलों के हजारों विद्यार्थी भाग लेंगे और शहर की सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के लोग भाग लेंगे। सभी मिलकर इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक बनाएंगे ताकि यह महोत्सव नया कीर्तिमान स्थापित कर सके।

22 जिलों में करवाया जा रहा योगा का अभ्यास : आर्य

योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य ने कहा कि सभी 22 जिलों में साधकों को योग सिखाया जा रहा है। वहीं 500 कार्यकतार्ओं को अकेले कुरुक्षेत्र जिला में दूसरे जिलों से बुलाया गया है। यह कार्यक्रम 8 जून से जिले के 422 गांवों और 122 शहरी वार्डों में पांच दिवसीय योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला के हर गांवों से योग साधक इस महोत्सव में हिस्सा लेंगे।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, एसडीएम अमन कुमार, सिविल सर्जन डॉ. सुखबीर,आयुष विभाग की उपनिदेशक सुषमा नैन, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, जिला आयुष अधिकारी डा.सुदेश जाटियान, जिला आयुष अधिकारी चंडीगढ़ आयुष मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

कुरुक्षेत्र का एलएनजेपी अस्पताल अब नजर आएगा नए लुक में : सुधीर राजपाल

कुरुक्षेत्र। एलएनजेपी अस्पताल का निरीक्षण करते हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल।

- हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र का लोक नायक जयप्रकाश राजकीय अस्पताल अब नई लुक में नजर आएगा। इस अस्पताल को नई लुक देने के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों के लिए सरकार ने 2 करोड़ रुपए का बजट पारित किया है। इस अस्पताल में जल्द ही विकास कार्य शुरू हो जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के एसीएस सुधीर राजपाल सोमवार को एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र का निरीक्षण करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले एसीएस सुधीर राजपाल ने एलएनजेपी अस्पताल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अस्पताल का बारीकी से मूल्यांकन करने उपरांत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अस्पताल में सुधार लाने जैसे विषयों को लेकर बातचीत की अधिकारियों को अस्पताल की सुविधाओं में सुधार लाने के लिए दिशा-निर्देश दिए है।

विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ का बजट

एसीएस सुधीर राजपाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल में रिपेयर, फाल सिलिंग, शौचालयों की मुरम्मत, साफ सफाई व्यवस्था, लाइटिंग की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों को पूरा करने के लिए 2 करोड़ रुपए का बजट पारित किया है। इस अस्पताल को नई लुक दी जाएगी और यह अस्पताल निजी अस्पताल से भी बेहतर नजर आएगा।

भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित

कुरुक्षेत्र। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने हर प्रकार की एक्टिविटी में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कैंप का शुभारंभ स्कूल की प्रिंसिपल अल्का छाबड़ा व सिटी डेंटल क्लिनिक दिल्ली से डॉक्टर करुणा व पहाड़ धीरज विद्यालय दिल्ली से पंकज चौधरी के द्वारा किया गया।

जेईई एडवांस्ड में एईएसएल के 7 छात्र छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

परीक्षा तैयारी सेवाओं में अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के कुरुक्षेत्र केंद्र के 7 छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर टॉप स्कोर बनकर नाम रोशन किया। संस्थान में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर शेखर शुक्ला ने बताया कि यह परीक्षा भारत के सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है, और इसके परिणाम आईआईटी कानपुर द्वारा घोषित किए गए। यह असाधारण उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण और आकाश के अनुभवी शिक्षकों तथा व्यापक पाठ्यक्रम के सहयोग से संभव हुई है। एकेडमिक हैड इंजीनियरिंग हिमांशु पारिक ने बताया कि चयन जुनेजा ने एआईआर 2037, ओम गौड ने एआईआर 2079, वृष्टि ने एआईआर 3359, आदित्य रमन शर्मा ने एआईआर 5175, मौलिक गाबा ने एआईआर 7951, मानिक गोयल ने एआईआर 9793 व ध्रुव छाबड़ा ने एआईआर 11890 रैंक प्राप्त की है। ये सभी छात्र आकाश के कक्षा कार्यक्रम का हिस्सा थे, जो विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड परीक्षा की तैयारी के लिए डिजाइन किया गया है। ब्रांच मैनेजर राजीव ने बताया कि जेईई एडवांस्ड को विश्व की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में माना जाता है, जिसमें गहन वैचारिक समझ और सशक्त समस्या समाधान क्षमता की आवश्यकता होती है।

- शानदार प्रदर्शन कर टॉप स्कोर बनकर नाम रोशन किया

कुरुक्षेत्र। विजयी चिह्न बनाकर खुशी का इजहार करते एईएसएल के विद्यार्थी।

ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का किया आयोजन

पिहोवा। डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र ब्लॉक पिहोवा में ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में साध संगत ने नाम चर्चा में भाग लिया। व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग ने बताया कि यह नाम चर्चा उनकी दादी स्वर्गीय किरणवती की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कराई गई। निर्मला गर्ग ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के द्वारा मानवता भलाई के 168 कार्य चलाए जा रहे हैं। उन्होंने अपनी सास स्वर्गीय किरणवती गर्ग की 23 वीं बरसी पर जरूरतमंद परिवारों को राशन भी दिया।

प्रजापति धर्मशाला सभा की वार्षिक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रजापति (कुम्हार) धर्मशाला सभा कुरुक्षेत्र की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) स्थानीय धर्मशाला परिसर में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान पवन कुमार कानूनगो ने की, जबकि संचालन महासचिव सतीश सरोहा ने किया। बैठक में महा सचिव ने 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक का विस्तृत वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सभा के सभी सदस्यों ने ध्यानपूर्वक सुना और सर्वसम्मति से पारित किया। इसके साथ ही, संस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा करते हुए उन्हें पारदर्शिता और समाजहित को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर उपप्रधान शिवलाल सरवारा, सह सचिव विनोद डीग, कोषाध्यक्ष मास्टर हरिओम शोकल, सदस्य ओम प्रकाश कैथल, पवन कुमार तिगरी, राजेंद्र सिंह थानेसर, कृष्ण सिरसमा, सोम लाल डाचर, अशोक कुमार चीका तथा पूर्व प्रधान बलबीर सिंह (रिटायर्ड बीडीपीओ), पूर्व प्रधान दर्शन लाल लाडवा, वरिष्ठ उप-प्रधान मोहन लाल मिजार्पुर, नाथी राम रिटायर्ड एसडीओ, रामफल डाचर, मामू राम चीका, रामरूप बाले समेत समाज के गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के बाद सभा के प्रधान पवन कुमार कानूनगो ने बताया कि वार्षिक आम बैठक में सामाजिक एकता, पारदर्शी प्रबंधन और धर्मशाला के विकास को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

- कई महत्वपूर्ण एजेंडे सर्वसम्मति से पास

कुरुक्षेत्र। बैठक में विचार व्यक्त करते सभा के पदाधिकारी।

शाहबाद की नई अनाज मंडी में सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शाहबाद की नई अनाज मंडी में सूरजमुखी की सरकारी खरीद आज से शुरू हो गई है। सूरजमुखी की सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 7280 के मूल्य से खरीद की गई मार्केट कमेटी के सचीव कृष्ण कुमार मलिक ने बताया हरियाणा सरकार ने हरियाणा में सूरजमुखी की खरीद के लिए 17 मंडिया चयनित की है जिसमें से एक मंडी शाहाबाद की है और हरियाणा में सबसे पहले शाहाबाद की अनाज मंडी में खरीद शुरू हुई है। मार्केट कमेटी के सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि सभी किसान अपनी फसल लेकर मंडी में पहुंच सकते हैं और गेट पास बनवाकर अपनी फसल बेच सकते हैं। सूरजमुखी की खरीद 30 जून तक की जाएगी। मंडी के प्रधान बिट्टू कालड़ा ने सरकारी खरीद शुरू होने से हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया और उन्होंने मांग की आढतीयो को भी आढत मिलनी चाहिए। इस मौके पर भाजपा नेता सुभाष कलसाना दीपक आनंद अमरजीत डांगी के अलावा कार्यकर्ता और मंडी के आढती किसान मौजूद रहे।

एसपी ने निष्पक्ष कार्रवाई का दिया आश्वासन

पुलिस अधीक्षक से मिले थानेसर नप अध्यक्षा सहित भाजपा पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर नगर परिषद में विधायक अशोक अरोड़ा व पार्षद प्रतिनिधि के बीच हुआ विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। बतां दे कि 23 मई को थानेसर नगर परिषद हाउस की बैठक में विधायक अशोक अरोड़ा व पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा निंदी के बीच विवाद के चलते बैठक स्थगित कर दी गई थी। बैठक में मौजूद पार्षदों ने विधायक अशोक अरोड़ा पर अभद्र भाषा का आरोप लगाया था। इसके बाद भाजपा पार्षदों ने पुलिस अधीक्षक को विधायक अशोक अरोड़ा के खिलाफ सौंपी थी। वहीं सोमवार को नगर परिषद थानेसर की अध्यक्षा सहित भाजपा पार्षद गौरव भट्ट, संदीप कोहली, मोहन लाल अरोड़ा, प्रेम नारायण अवस्थी, मनिंद छिंदा, कवि बजाज व पार्षद सुधीर चुघ ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद नप अध्यक्षा माफी ढांडा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मामले की जांच डीएसपी द्वारा की जा रही है। नगर परिषद हाउस की आगामी बैठक बारे नप अध्यक्षा माफी ढांडा ने बताया कि हाउस की बैठक जल्द आयोजित की जाएगी। शहर के विकास कार्यो को रुकने नही दिया जाएगा।

कुरुक्षेत्र। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर मौजूद भाजपा पार्षद।

सतलुज स्कूल के प्रधानाचार्य को किया सम्मानित

शाहबाद। सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन को शिक्षा व सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए पृथ्वी अभ्युदय शिक्षक संघ द्वार एमिटी यूनिवर्सिटी मोहाली में सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड मुख्यातिथि जतिन लाल आईएएस उपायुक्त जिला ऊना हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. घुम्मन 42 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। उनके द्वारा शिक्षित किए गए विद्यार्थी आज उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं। वे शिक्षा क्षेत्र के अलावा समाजसेवी संस्थाओं के साथ भी जुड़े हुए हैं। डॉ. घुम्मन द्वारा संचालित शिक्षा संस्थाएं समाज में एक अनूठा स्थान रखती हैं क्योंकि यहाँ पर अनुशाशन, शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अनूठा संगम देखने को मिलता है। डॉ. घुम्मन ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवारजनों, अध्यापकों और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को दिया। डॉ. घुम्मन ने यूनिवर्सिटी में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्रवाई | पोलोथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले 10 दुकानदारों के काटे चालान

सभी के साझे प्रयासों से ही स्वच्छ भारत सर्वेक्षण की रैंकिंग में होगा सुधार

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर रखना होगा स्वच्छता पर फोकस : सतेन्द्र सिवाच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को निरंतर अपने प्रयास जारी रखने होंगे। इस शहर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर स्वच्छता पर पूरा ध्यान देना होगा। इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आम नागरिक के सहयोग की भी निहायत जरूरत होगी। सभी के साझे प्रयासों से ही स्वच्छ भारत सर्वेक्षण की रैंकिंग में सुधार होगा।

डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने कुरुक्षेत्र जिले के सभी शहरों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नपा अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से थानेसर को स्वच्छ बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किए गए और पूरे शहर में स्वच्छता अभियान का असर देखने को मिला। इसके लिए नगर परिषद थानेसर के अधिकारी, कर्मचारी और पूरी टीम बधाई के पात्र है।

इस टीम ने पूरी मेहनत और मुश्कत के साथ शहर के सभी डम्पिंग स्थलों को समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में भी पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे के लिए लोगों से फीडबैक भी लेना है।

21 जून तक चलेगा स्वच्छता अभियान पखवाड़ा

यह स्वच्छता अभियान पखवाड़ा 21 जून तक चलाया जाएगा। इसके लिए बकायदा शेड्यूल भी तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में जिले के सभी पांचो नगर निकायों में साफ सफाई का कार्य करवाया गया लोगों को गीला सूखा कचरे के निपटारन हेतु जागरूक किया गया। वार्ड 7 की पार्षद निशा मदान ने अपने वार्ड में लोगों को गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग कूड़ेदान का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। इसके अलावा मां भद्रकाली मंदिर के पास के सडको और नालों की सफाई करवाई गई तथा साथ ही अनाज मंडी के आस पास के क्षेत्रो में पोलोथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक के 10 दुकानों के चालान कर 2500 जुमार्ना वसूला गया। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने आस पास के एरिया को साफ रखे और और दुकानों को हटाते समय कूडे को एक जगह एकत्रित करे जिससे की सडकों और नालियों की सफाई बनी रहे। इस मौके पर मुख्य सफाई निरीक्षक जितेन्द्र नरवाल, लिपिक राकेश बेनीवाल, सुपरवाइजर राजेश, आईईसी एक्सपर्ट बीरेंद्र कुमार भारद्वाज के साथ में सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

समाजसेवी ज्ञानचंद चोपड़ा की स्मृति में लगाया भंडारा

कुरुक्षेत्र। चोपड़ा एजूकेशन एंड सोशल वैल्फेयर सोसायटी कुरूक्षेत्र द्वारा संस्थापक अध्यक्ष एवं समाजसेवी ज्ञानचंद चोपड़ा की स्मृति में सोमवार को शीतला माता मंदिर में भंडारा एवं छबील लगाई गई। चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने बताया कि मंदिर में सुबह पूजन किया गया इसके पश्चात स्वर्गीय चोपड़ा को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात छोले कुलचे का भंडारा दिया गया। साथ ही आते जाते राहगीरों को ठंडाई, शरबत, लस्सी और नींबू शिकंजवी आदि पेय पदार्थों से सेवा की गई। कार्यक्रम में समाजसेवी डा.पवन वशिष्ठ ने ज्ञानचंद चोपड़ा के व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने जरूरतमंद विद्यार्थियों के कल्याण के लिए चोपड़ा एजूकेशन एंड सोशल वैल्फेयर सोसायटी का गठन किया। शीघ्र ही जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए सहायता समारोह व मैडिकल कैंप लगाया जाएगा।

दयाल स्कूल में विशेष सेमिनार आयोजित

करनाल। दयाल पब्लिक स्कूल, मुख्य शाखा करनाल में "जीवन कौशल पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम" विषय पर एक प्रभावशाली सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक जीवन कौशल से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में विद्यालय की संपूर्ण शिक्षण संकाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदीश कुमार पुत्र स्व. श्री भोजा राम पुत्र श्री बुध राम निवासी मकान नं. 208/11 मौहल्ला सैदा, शाहाबाद तहसील शाहाबाद जिला कुरुक्षेत्र के कानूनी वारिस की रिपोर्ट जारी करने हेतु एक प्रार्थना-पत्र इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र व सलग्न हल्फनामों व रिपोर्ट नगरपार्षद व नम्बरदार अनुसार मृतक मुन्नी बाई के निम्नलिखित वारिस हैं:-
1. जगदीश कुमार (पुत्र), 2. मोहन लाल (पुत्र), 3. अशोक कुमार (पुत्र), 4. टेक चन्द (पुत्र), 5. कमलेश (पुत्रिवान), 6. नीलम (पुत्रिवा-)
यदि इस बारे में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति तहसीलदार शाहाबाद के कार्यालय में इस पब्लिकेशन के 15 दिन के अन्दर दर्ज करवा सकता है। यदि प्रार्थी द्वारा दी गई सूचना किसी भी समय गलत पाई जाती है तो प्रार्थी भारतीय दण्ड सहिता धारा 177 व अन्य सबंधित कानूनों के तहत दण्ड का भागी होगा।

हस्ता/- तहसीलदार, शाहाबाद

खबर संक्षेप

जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर यूथ रेड क्रॉस क्लब द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता द्वारा किया गया, जबकि आयोजन की रूपरेखा यूथ रेड क्रॉस क्लब के अध्यक्ष प्राध्यापक जगबीर सिंह द्वारा तैयार की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग, निबंध प्रतियोगिता तथा वाद-विवाद जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित की गई। मंच संचालन प्राध्यापिका प्रीति द्वारा किया गया।

रंजिश के चलते युवक पर रॉड से किया हमला, घायल

यमुनानगर। शहर की आजाद नगर गली नंबर 10 में रंजिश के चलते तीन युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर चौधरी कॉलोनी निवासी साहिल पर रॉड से हमला कर घायल कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसका मोबाइल तोड़ दिया और उसकी जेब से पैसे भी निकाल लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपी युवकों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की चौधरी कॉलोनी निवासी साहिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले भीम सैनी मन व पीयूष के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी।

दो युवकों पर नशीले पदार्थ का स्प्रे कर चुराया सामान

यमुनानगर। बदमाशों ने गांव सुड़ैल के पास पेशाब करने के लिए रुके क्रेटा कार सवार दो युवकों पर नशीले पदार्थ का स्प्रे कर उनकी कार से सामान चोरी कर लिया। उन्हें जब होश आया तो मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बूडिया थाना क्षेत्र के गांव लाहौरी निवासी रजनीश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 31 मार्च को अपने दोस्त जिला सहारनपुर के गांव सोराना निवासी विपिन कुमार के साथ क्रेटा गाड़ी में उनके गांव में गए थे। रात को आठ बजे जब वह गांव सोराना से वापस लौट रहे थे तो वह केल कलानौर बाईपास हाईवे से होते हुए थाना छप्पर जा रहे थे ।

महिला व उसका दोस्त 50 हजार रुपये लेते काबू

कैथल। शहर थाना की पुलिस ने दुष्कर्म के केस से नाम हटवाने को लेकर एक महिला व उसके दोस्त को 50 हजार रुपये लेते काबू किया है। यह पूरी कार्रवाई शहर थाना की प्रभारी इंस्पेक्टर गीता रानी की टीम ने की है। शहर थाना की प्रभारी इंस्पेक्टर गीता रानी ने बताया कि अप्रैल 2025 में शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने शहर थाना में अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगा शहर निवासी एक युवक सहित तीन आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया था। इस केस को वापस लेने की मांग पर महिला ने आरोपी युवक से करीब तीन लाख रुपये की मांग की थी। यही नहीं आरोपी महिला युवक से 80 हजार रुपये ले चुकी थी।

अल्ट्रासाउंड केंद्रों के साथ आयुष चिकित्सकों के रिकॉर्ड को खंगालने की तैयारी

59 गांवों में लिंगानुपात 700 से भी कम 547 आयुष चिकित्सकों पर विभाग की नजर

जांच के लिए विभाग की ओर से बनाई गई टॉस्क फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले में लिंगानुपात की स्थिति सुधारने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच के साथ बीएएमएस यानि आयुष चिकित्सकों के रिकॉर्ड को खंगालने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए जल्द ही विभाग की कई जांच टीमें अचानक दस्तक देकर अल्ट्रासाउंड केंद्रों के साथ आयुष चिकित्सकों की जांच करेंगी।

इनके रिकॉर्ड का आंकलन के बाद ही अगली कार्रवाई तय होगी। विभाग को ऐसा शक है कि जिले में गड़बड़ा रहे लिंगानुपात के पीछे अल्ट्रासाउंड केंद्रों के साथ आयुष चिकित्सक भी सीधेतौर पर जिम्मेदार हैं।

इसके लिए विभाग की ओर से सभी चिकित्सकों की सूची भी ले गई है। लिंगानुपात सुधारने के लिए बनाई विशेष टास्क फोर्स ने जिला ड्रग इंस्पेक्टर और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी चिकित्सकों के केंद्रों की जांच करने को कहा है। अगर कोई भी अनियमितताएं मिली तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

547 से अधिक चिकित्सक पंजीकृत

जिले में 547 से ज्यादा आयुष चिकित्सक मरीजों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से कुछ चिकित्सकों के केंद्रों पर गर्भवतियों की जांच होती है। इसलिए इन केंद्रों में दस्तावेजों की जांच करवाई जाएगी। इन चिकित्सकों के पास आने वाले मरीजों का रिकॉर्ड भी खंगाला जाएगा। साथ ही गर्भवती महिलाओं के रिकॉर्ड को भी जांचा जाएगा। माना जा रहा है कि इन चिकित्सकों के जरिए ही गर्भवती महिलाएं अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों के संपर्क में आती हैं। इसके बाद लिंग जांच का खेल होता है। इसी वजह से अब विभागीय अधिकारी आयुष चिकित्सकों पर नजर रखे हुए हैं।

केंद्र संचालकों को रखना होगा रिकॉर्ड

स्वास्थ्य विभाग और एसटीएफ की ओर से प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को लिंगानुपात को लेकर बैठक होती है। जिसमें अब यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक सप्ताह में निजी अस्पतालों में होने वाले गर्भपात का रिकॉर्ड रखना होगा। इसके बाद यह रिकॉर्ड एसटीएफ को सौंपा जाएगा। जिले में करीब 30 एमटीपी और 85 अल्ट्रासाउंड केंद्र हैं। इन्हें यह निर्देश दिए गए हैं। अगर किसी भी केंद्र में गड़बड़ी मिली तो उनसे जवाब मांगा जाएगा। विभाग की ओर से लिंगानुपात सुधारने के लिए आए दिन सख्ती की जा रही है। वर्तमान में जिले का लिंगानुपात 916 हो गया है। जिले में 54 ऐसे गांव हैं। जहां पर लिंगानुपात 700 से भी कम है। इसलिए यह विभाग अब लगातार कार्रवाई कर रहा है। इन गांवों में लंबे समय से लिंगानुपात में कमी देखने को मिल रही है। इसमें सीएचसी चौड़मस्तपुर के 20 गांव, सीएचसी शहजादपुर के 14 गांव, सीएचसी बराड़ा के नौ गांव, सीएचसी मुलाना के आठ गांवों और सीएचसी अंबली के आठ गांवों में लिंगानुपात 700 से भी कम है।

एमटीपी केंद्रों से भी गर्भपात का डॉटा मांगा

पीएनडीटी के नोडल ऑफिसर डॉ. विपिन भंडारी ने बताया कि अगर जांच में बीएएमएस चिकित्सकों के केंद्रों पर खामियां मिली तो उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई होगी। इसके साथ ही एमटीपी केंद्रों से भी गर्भपात का डॉटा मांगा है। इस डाटा पर भी हमारी नजर है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्पष्ट निर्देश है कि गिरते लिंगानुपात में सुधार किया जाए। इसके लिए जो भी कदम जरूरी हों वो उठाए जाएं।

अभी तक नहीं आई वायरल लोड किट, जांच के लिए करनाल भेजे जा रहे सैंपल

- सैंपल रिपोर्ट देरी से आने पर मरीज परेशान, बजट न आने से किट मिलने में हो रही देरी

हरिभूमि न्यूज.अंबाला

वायरल लोड टेस्ट करने के लिए अभी तक किट नहीं मिल पाई। इसी वजह से जांच के लिए सैंपल करनाल भेजे जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को प्रत्येक वर्ष किट खरीदने के लिए बजट जारी होता है। मगर इस बार यह बजट अभी तक नहीं मिला है। एक किट में करीब 96 सैंपल की जांच होती है। जिसकी कीमत करीब 70 से 72 हजार रुपये है। उधर ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। बीते सप्ताह के 40 टेस्ट की रिपोर्ट भी अभी तक नहीं मिल पाई है। बता दें कि किसी भी बीमारी में उपचार की क्षमता जांचने के लिए वायरल लोड टेस्ट कराया जाता है। इससे पता लग सके कि किसी मरीज को जो उपचार दिया जा रहा है। उससे बीमारी ठीक हो रही है या फिर नहीं। मुख्य तौर पर वायरल लोड की जांच एचआईवी और हेपेटाइटिस की बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की होती है। इसके अलावा भी अन्य गंभीर मामलों की जांच के लिए यह टेस्ट कराया जाता है। वायरल लोड टेस्ट की जांच रिपोर्ट में देरी के कारण चिकित्सक भी मरीजों का उपचार नहीं कर पा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगे का उपचार करवाया जाता है। नागरिक अस्पताल में इन दिनों हेपेटाइटिस के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महीने के आंकड़े पर नजर डालें तो प्रत्येक माह 20 से 25 मरीज हेपेटाइटिस से ग्रस्त मिल रहे हैं। मगर बिना किट के दूसरे जिले पर निर्भर होना पड़ रहा है। डॉ. सीमा तंवर ने बताया कि हमारी ओर से किट की मांग भेजी गई है। फिलहाल कोरोना के लिए किट खरीदी जा रही हैं।

अंबाला। बीके आशा दीदी को सम्मानित करती बहनें।

राजयोगिनी आशा दीदी को योग महोत्सव में मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व ही योग महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। यह महोत्सव आयुष विभाग द्वारा 'सूर्य नमस्कार-2025' के विजेताओं के सम्मान समारोह के रूप में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने अंबाला जोन की निदेशक राजयोगिनी बीके आशा दीदी को उनकी निःस्वार्थ सेवा, अडिग समर्पण एवं मानवता के आध्यात्मिक उत्थान के प्रति आजीवन प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया। आशा दीदी की तरफ़ से सर्टिफिकेट लेने के लिए राजयोगिनी बीके रानी दीदी गई थी। आशा दीदी की इस उपलब्धि के लिए ब्रह्माकुमारी दयाल बाग सेवा केंद्र में आने वाले भाई बहनों ने भी दीदी को विशेष सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'सूर्य नमस्कार-2025' अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न जिलों से आए 264 प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया।

कोरोना ने दी दस्तक, एक महिला समेत दो मरीज सामने आए

- 7 दिन के लिए आइसोलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले में भी कोरोना ने दस्तक दे दी है। एक महिला समेत दो मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद दोनों मरीजों को उनके घरों में ही 7 दिन के लिए होम आईसोलेट कर दिया है। साथ ही उन्हें इम्यूनिटी बूस्ट करने वाली दवाएं दी गई है। साथ ही विभाग ने दोनों मरीजों के परिजनों व संपर्क में आने वाले सदस्यों की भी सैंपलिंग शुरू कर दी है। मरीजों में एक 74 वर्षीय महिला तो दूसरा 43 वर्षीय व्यक्ति है। दोनों अंबाला शहर के रहने वाले हैं। व्यक्ति नोएडा में जॉब करता है और अपने परिवार से मिलने के लिए आया था। हालांकि दोनों मरीज स्वस्थ है। महामारी नियंत्रक डॉ. सुनील हरि ने बताया कि एक महिला व पुरुष में कोरोना का संक्रमण पाया गया है। दोनों होम आईसोलेट है। इस बार का संक्रमण कोई जानलेवा नहीं है लेकिन सावधानी बरतने की जरूरत है।

यदुवंशी के 15 छात्रों ने जेईई एडवांस में रचा इतिहास

- मनीष पुत्र रामकिशन ने अपनी कैटेगरी में 300 रैंक हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी के छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा-2025 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में स्कूल के कई छात्रों ने उच्च रैंक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। पूरे भारत में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए विद्यालय के छात्र मनीष पुत्र रामकिशन ने अपनी कैटेगरी में 300 रैंक हासिल की। सफलता प्राप्त विद्यार्थियों में भावेश पुत्र ओमप्रकाश 1103, दिव्य यादव पुत्र सुरेंद्र यादव 1172, योगेंद्र पुत्र संदीप कुमार 2859, दिया पुत्री देवेंद्र कुमार 5214, अंजलि पुत्री अरविंद 7807,



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

अनुज पुत्र राजेश कुमार 8342, श्वेत पुत्र कश्मीर 9374, अनुज पुत्र अनुप 10274, अमन पुत्र राजेश कुमार 12835 के नाम विशेष रूप से शामिल रहे। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के उचित मार्गदर्शन, अध्यापकों की मेहनत व अभिभावकों के सहयोग को दिया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यदुवंशी की एक अनूठी शैक्षणिक पहल है। विद्यार्थी इंजीनियर बनकर एक सुदृढ़ समाज की स्थापना करेंगे तथा देश सेवा करते हुए पूरे राष्ट्र को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रगण्य बनाएंगे। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि जेईई एडवांस जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना न केवल आपकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि आपके धैर्य, समर्पण और अनुशासन की भी मिसाल है। यह सफलता सिर्फ एक शुरूआत है, आगे चलकर आप भारत और विश्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह यादव ने सभी सफलता प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समर कैंप में 500 छात्र कर रहे हैं मस्ती

- डांस के साथ खेल गतिविधियों में ले रहे हैं हिस्सा
- पुलिस डीएवी स्कूल में 7 तक चलेगा कैंप, प्रिंसिपल बोले छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप बेहद जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मावकाश के दौरान समर कैंप का शुभारंभ किया गया है। यह समर कैंप 7 जून तक चलेगा। इस समर कैंप में यूकेजी से नौवीं कक्षा तक के लगभग 500 छात्र-छात्राएं भाग ले रहें है।

बच्चों के लिए कराटे , बॉक्सिंग , टेबल टैनिस , टेबल सॉकर , चैस , कैरम , क्ले मॉडलिंग , बैडमिंटन , क्रिकेट , स्केटिंग , सिंगिंग , डांस , ड्रामा , इंग्लिश बेसिक एंड स्पीकिंग स्किल , बेस बॉल , बास्केट बॉल, कंप्यूटर , ऑर्केस्ट्रा , आर्ट एंड क्राफ़्ट , वैदिक मैथ एंड शार्ट कट , पर्सनेलिटी डिवेलपमेंट , जिम्नास्टिक समेत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सभी गतिविधियां प्रशिक्षित अध्यापकों, कोच व कोरियोग्राफर द्वारा करवाई जा रही है। योगा और नैतिक शिक्षा की कक्षाएं सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। स्कूल प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने बताया कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर वर्ष इस तरह की गतिविधियां आयोजित करवाता रहता है।

गर्मी की छुटियों में बच्चे इस समर कैंप के माध्यम से समय का सदुपयोग करते है व शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त और तंदरुस्त रहते है। इसके द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चे अपनी मनपसंद गतिविधियों में भाग लेकर छुटियों का मज़ा भी लेते है और बच्चों को इसके ज़रिये अपना हुनर व सक्षमता दिखाने का मौका मिलता है। इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में अहम भूमिका निभाती है।

मारपीट होने के बाद विधवा ने चुन्नी से फंदा लगाकर की आत्महत्या

- मां ने दो लोगों को ठहराया जिम्मेदार, पुलिस ने दोनों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करने वाली पूजा विहार की निशा (38) ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह दोनों बच्चों ने देखा कि मां ने चुन्नी से फंदा लगा रखा है।

मृतका की मां ने दो व्यक्तियों पर आरोप लगाए हैं। बताया कि लंबे समय से दो व्यक्ति निशा के संपर्क में थे। 31 मई की रात को घर आकर शराब पीने के बाद निशा से मारपीट की। महेश नगर थाना पुलिस ने भिवानी के कुलदीप और ओमबीर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मां कमलेश ने कहा कि उनकी दो बेटियां हैं। निशा के पति अरुण कुमार की मौत 2020 में सड़क हादसे में हो गई थी। निशा ने कर्ज लेकर मकान खरीदा था। वह दोनों बच्चों के साथ रहती थी। साहा में टीसीआई ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया कंपनी में काम करती थी। इसी बीच निशा की मुलाकात भिवानी के कुलदीप से हुई थी। अक्सर वह निशा के घर आता था। कभी-कभी वह ओमवीर को लाता था। 31 मई की रात को बेटी काम से घर आई थी। रात के समय दोनों आरोपी शराब के नशे में घर आए। बच्चों खुशी और गर्वित ने बताया था कि आरोपियों ने निशा के साथ मारपीट की। रात को दोनों चले गए थे।

जेईई एडवांस्ड में आरपीएस के ईशान ने हासिल की 59वीं आल इंडिया कैटेगरी रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

देश की सबसे बड़ी आईआईटी-जेईई एडवांस्ड परीक्षा परिणाम में आरपीएस संस्था के ईशान आफरिया ने आल इंडिया में 59वीं व दित्या गर्ग ने 70वीं कैटेगरी रैंक एवं हर्षि ने 221वीं आल इंडिया जनरल रैंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा में आरपीएस के 95 से अधिक विद्यार्थियों ने बेहतरीन रैंक के साथ क्वालीफाइ किया हैं। बच्चों के कठोर परिश्रम, विद्यालय प्रबंधन के उचित मार्ग दर्शन और स्टीक योजना से ही यह संभव हो पाया है। बच्चों की इस सफलता पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ

महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

इंजी. मनीष राव एवं डीप्टी सीईओ कुनाल राव सहित समस्त आरपीएस स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि सोमवार को घोषित आईआईटी-जेईई एडवांस्ड के परीक्षा परिणाम में अपनी कैटगरी में ईशान ने आल इंडिया में 59वीं व दित्या गर्ग ने 70वीं कैटेगरी रैंक व हर्षि ने 221वीं आल इंडिया जनरल रैंक के साथ-साथ अनुज ने 256वीं रैंक, शुभम वर्मा ने 544वीं रैंक, प्रणव ने 573वीं रैंक, छवि ने 574वीं रैंक, यशिका 590वीं रैंक, ललित ने 591वीं रैंक, विवान राव ने 667वीं रैंक, सुमित पहल ने 937वीं रैंक, पीयूष यादव ने 1054वीं रैंक, रक्षित कुमार ने 1101वीं रैंक सहित अन्य ने उच्च रैंक के साथ क्वालिफाई कर अपना बेमिसाल प्रदर्शन किया।

नर्सिंग छात्रों को भाषा प्रयोगशाला सॉफ्टवेयर से करवाया गया परिचित

अंबाला। अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज ने 2 जून 2025 से अपने नर्सिंग छात्रों के लिए एक समर्पित भाषा प्रयोगशाला सत्र की सफलतापूर्वक शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों की संप्रेषण क्षमता को बेहतर बनाना है, जिसमें मुख्य भाषा कौशल – सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना – पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस सत्र की संयोजक और भाषा प्रयोगशाला की प्रभारी हर्षिता ने छात्रों को एक जानकारीपूर्ण परिचय सत्र प्रदान किया। उन्होंने कार्यक्रम के अंतर्गत नियोजित विभिन्न गतिविधियों और अधिगम रणनीतियों के बारे में भी बताया, जो छात्रों के समग्र भाषा विकास को सुनिश्चित करेंगी। सत्र की शुरुआत एक प्रेरणादायक ओरिएंटेशन से हुई, जिसमें छात्रों को भाषा प्रयोगशाला सॉफ्टवेयर से परिचित कराया गया। यह इंटरएक्टिव प्रणाली छात्रों को रीयल-टाइम मॉड्यूल्स और गतिविधियों के माध्यम से अपनी भाषा क्षमताओं को अभ्यास करने और सुधारने की सुविधा प्रदान करती है। यह पहल नर्सिंग छात्रों को मजबूत संप्रेषण कौशल से सुसज्जित करने की जीएमएन कॉलेज की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो प्रभावी रोगी देखभाल और व्यावसायिक सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

बेस्ट डायरी लिखने वाले को मिलेगा सम्मान

- 6 तक चलेगा समर कैंप, कई गतिविधियों में हिस्सा लेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीएवी स्कूल में 6 जून तक बच्चों के लिए विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक विकास को बढ़ावा देना है। पहले दिन की शुरुआत एरोबिक्स और योग से हुई। इसमें बच्चों ने फिटनेस और ध्यान केंद्रित करने की विधियां सीखी। इसके बाद आर्ट एंड क्राफ्ट सत्र में बच्चों को सब्जियों के माध्यम से ब्लॉक प्रिंटिंग करना सिखाया गया। उन्होंने कपड़ों पर सुंदर डिजाइन बनाना भी सीखा। म्यूजिक क्लास में बच्चों ने इंग्लिश गाना गाने की कला सीखी और गिटार बजाने के

अंबाला। समर कैंप में हिस्सेदारी करते छात्र।

शुरुआती स्टेप्स को समझा। डांस क्लास में उन्हें 'गुड़िया पटोले' पंजाबी गीत पर सुंदर नृत्य सिखाया गया, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मध्य में प्रिंसिपल डॉ. आरआर सूरी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और कहा कि वे प्रतिदिन इस कैंप के अनुभव को अपनी डायरी में लिखें। सबसे अच्छी डायरी लिखने वाले छात्र को समर कैंप के अंतिम दिन विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। प्रिंसिपल के प्रेरणादायक शब्दों से बच्चे बहुत उत्साहित हुए और उन्होंने वादा किया कि वे नियमित रूप से अपनी डायरी लिखेंगे। साथ ही, सर ने बच्चों से यह भी पूछा कि वे छुट्टियों में कहां-कहां जा रहे हैं और उन स्थानों से जुड़ी जानकारी एकत्र कर लिखने को कहा। ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम न केवल बच्चों की सोचने की क्षमता को विकसित करते हैं, बल्कि उनकी लेखन शैली को भी निखारते हैं।

15 से 21 जून तक रामबाग ग्राउंड में आयोजित की जाएगी श्रीमद् देवी भागवत कथा

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से निकाली संध्या फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा 15 से 21 जून 2025 तक रामबाग ग्राउंड में सात दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा होने जा रही है। इसका समय प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। इसी के उपलक्ष्य में क्षेत्र निवासियों को कथा का निमंत्रण देने के लिए संध्या फेरी का आयोजन किया गया। संध्या फेरी का प्रारंभ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, लक्ष्मी नगर से मंदिर सभा के सदस्यों एवं सुंदरकांड कीर्तन मंडल की महिला सदस्यों ने देवी मां के पावन पूजन

एवं नारियल फोड़ कर किया गया। इसमें आदि शक्ति मां दुर्गा भवानी की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तों ने वातावरण को दिव्य बना दिया। इस अवसर पर दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी नैतिकता भारती ने कहा कि आपके क्षेत्र में सात दिन तक चलने वाली श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास भागवत भास्कर साध्वी सुश्री अदिति भारती अपनी संत मंडली सहित पधार रही हैं। वे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण में छिपे आध्यात्मिक रहस्यों को कथा रूप में वाचन कर बताएंगी कि कैसे हम अपने जीवन के लक्ष्य ईश्वर से मिल सकते हैं। कैसे हम अपनी समस्त चिंताओं को चिंतन में बदल सकते हैं। साध्वी ने सभी 15 जून से 21 जून 2025 तक सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक अवश्य आने का आग्रह किया।